(5)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी ,झुंझुनू
पीठासीन अधिकारी अलका बिश्नोई (आर.ए.एस) उपखण्ड अधिकारी, झुंझुनू

मुकदमा नम्बर – 63/2017

1. बनवारी पुत्र गुगनराम जाति जाट निवासी भडून्दा कलां तहसील व जिला झुंझुनू
2. महेन्द्र पुत्र गुगनराम जाति जाट निवासी भडून्दा कलां तहसील व जिला झुंझुनू

– प्रार्थीगण

**बनाम**

1. रामनाथ पुत्र सांवतराम
2. हरिराम पुत्र भुराराम
3. प्रमेश्वरी पत्नी प्यारेलाल
4. बृजलाल पुत्र सांवतराम
5. ज्याकी पत्नी घड़सीराम
6. ओमप्रकाश पुत्र घड़सीराम
7. सुमित्रा देवी पत्नी विधाधर
8. महिपाल पुत्र विधाधर
9. सुनिल पुत्र विधाधर
10. राजपाल पुत्र विधाधर
11. रोहिताश पुत्र घड़सीराम
12. संतोष पत्नी महावीर
13. नरेन्द्र पुत्र महावीर

} समस्त जातियान जाटान निवासीगण भडून्दा कलां तहसील व जिला झुंझुनू

14. राजस्थान ग्रामीण बैक शाखा भडून्दा तहसील व जिला झुंझुनू
15. भारतीय स्टेट बैंक शाखा पीरू सिंह सर्किल झुंझुनू
16. राजस्थान सरकार जरिये भूमिधारी तहसीलदार झुंझुनू

–अप्रार्थीगण

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 251 (क) काश्तकारी अधिनियम

निर्णय

दिनांकः–31.07.2018

प्रकरण के तथ्य इस प्रकार से है कि प्रार्थीगण की खातेदारी की भूमि ग्राम भडून्दा कला जिसके वर्तमान खसरा न. 1955/33 व खसरा न. 34 है जिनको वादीगण काश्त करते है व काबिज है। यह कि अप्रार्थी रामनाथ पुत्र सावंतराम की खातेदारी की भूमि खसरा न. 1956/389 हरिराम की खातेदारी की भूमि खसरा न. 390 प्रमेश्वरी की खातेदारी की भूमि खसरा न. 52, बृजलाल के खातेदारी की भूमि खसरा न. 32 ग्राम भडून्दा कला मे स्थित है तथा अप्रार्थीगण 5 लगायत 13 की सहखातेदारी की भूमि खसरा न. 36, 37 है। प्रार्थीगण झुंझुनू से चनाना जाने वाली सड़क से 'ए' विन्दु से 'ए' 'बी' 'सी' 'डी' 'ई' तक अपने खेत व रिहायशी मकान तक आते है। 'ए' 'बी' 'सी' 'डी' 'ई' तक कदीमी रास्ता है। जो प्रार्थीगण के पूर्वजों के समय से प्रचलित व मौजुद रहा है। वर्तमान मे भी उक्त रास्ता चालु है। परन्तु इसकी चौडाई बहुत कम है। प्रार्थीगण 'ए' 'बी' 'सी' 'डी' 'ई' रास्ता को 12 फुट चौडा चाहते है तथा राजस्व रिकार्ड में रास्ते के रूप में इन्द्राज करना चाहते है। प्रार्थीगण के खेत में जाने

उपखण्ड अधिकारी झुंझुनू (राज.)

Scanned by CamScanner

का अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता नही है। उक्त रास्ते की डीएलसी दर जमा कराने को प्रार्थी तैयार है। यह कि 'ए' 'बी' 'सी' 'डी' 'ई' उक्त रास्ता प्रार्थीगण की अत्यन्तिक आवश्यकता है। खसरा न. 36 व 37 के खातेदार राजस्व रिकार्ड मे अमल दरामद करने के लिए तैयार है। अतः प्रार्थना–पत्र श्रीमान जी के श्रवणाधिकार में व क्षेत्राधिकार होने पर पेश कर निवेदन है कि प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाकर मौजुदा रास्ता 'ए' 'बी' 'सी' 'डी' 'ई' को 12 फुट चौड़ा कराया जाकर राजस्व रिकार्ड मे अमल दरामद करने का निवेदन किया है। उक्तानुसार प्रार्थना–पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस वास्ते जवाबदेही तलब किया गया व अप्रार्थीगण 16 से रास्ते बाबत मौका रिपोर्ट चाही गई। दिनांक 08.02.2018 को अप्रार्थी न. 1 ने जवाब प्रार्थना–पत्र पेश किया व अप्रार्थी न. 2 लगायत 5, 10, 11 के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल मे लाई गई। अप्रार्थी न. 6, 7, 12, 13 द्वारा जवाब प्रार्थना–पत्र समयावधि मे पेश नही करने पर उनकी जवाबदेही बन्द की गई। अप्रार्थी न. 16 में अपने पत्र कमांक राजस्व/251क/2017/2055 दिनांक 05.07.2018 के द्वारा मौका रिपोर्ट निम्न कथनों के अनुसार पेश की जो निम्नानुसार है।

1. प्रार्थीगण की खातेदारी कृषि भूमि ग्राम भडून्दा कलां मे खसरा न. 1955/33 रकबा 0.72 हैक्टर प्रार्थी बनवारी पुत्र गुगनराम जाट व खसरा न. 33 रकबा 0.72 हैक्टर प्रार्थी महेन्द्र सिंह पिता गुगनराम जाट निवासी भडून्दा कलां के नाम दर्ज है। जिसे प्रार्थीगण काश्त करते है व मकानात बनाकर आबाद है।
2. प्रार्थीगण के उक्त खसरा न. 1955/33 व 33 मे जाने के लिए कोई रास्ता नही है। प्रार्थीगण सड़क से अपने खेत व घर तक पगडण्डी आवागमन करते है।
3. प्रार्थीगण के खसरा न. 33, 1955/33 मे सड़क से आवागमन हेतु प्रस्तावित रास्ता निम्न प्रकार है।

| क्र. सं. | खसरा न. जिसमें रास्ता प्रस्तावित किया है | प्रस्तावित रास्ते का रकबा | | डीएलसी दर | राशि डीएलसी दर से रू. | खातेदार का भाग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ल. x चौ. मीटर में | क्षेत्रफल वर्गमीटर | | | |
| 1 | 394 | 4 X 4 | 16 | 437770 | 700 | श्रवणी देवी पत्नी धन्नाराम, ख्यालीराम पुत्र धन्नाराम रहिन हिस्सा 1/6 एस.बी.आई शाखा झुंझुनू, जगदीश, शीशराम पुत्र धन्नाराम हिस्सा 1/6 दरियासिंह पुत्र चुन्नाराम रहिम हिस्सा 1/3 बडौदा राजस्थान क्षत्रिय ग्रामीण बैंक शाखा भडून्दा कलां इन्द्राज, मंगलचन्द पुत्र पाकर हिस्सा 2/9 लिछमा पत्नी पोकर हिस्सा 1/9 रहिम बडौदा राज. क्षत्रिय ग्रामीण बैंक शाखा इस्लामपुर जाति जाट सादेह खातेदार |
| 2 | 32 | 86 X 4 | 344 | 437770 | 15059 | वृजलाल पुत्र सावतराम जाति जाट सा. ग्राम खातेदार |
| 3 | 36 | 110 X 4 | 440 | 437770 | 19262 | ज्यानकी पत्नी घडसीराम, ओमप्रकाश पुत्र घडसीराम हिस्सा 1/5, रोहिताश पुत्र घडसीराम रहिम हिस्सा 2/5 बडौदा राज क्षत्रिय ग्रामीण बैंक शाखा भडून्दा कला, संतोष पत्नी महावीर, नरेन्द्र पुत्र महावीर 1/5, सुमित्रा देवी पत्नी विधाधर, सुनिल कुमार महिपाल सिंह, राजपाल पुत्र विधाधर हिस्सा 1/5 जाति जाट सा. ग्राम खातेदार |
| 4 | 33 | 80 X 4 | 320 | 437770 | प्रार्थी | महेन्द्र सिंह पुत्र गुगनराम जाति जाट सादेह खातेदार रहिम बडौदा रा क्षत्रिय ग्रामीण बैंक भडून्दा कला |

उपखण्ड अधिकारी
झुन्झुनू (राजस्थान)

Scanned by CamScanner

प्रार्थना–पत्र में वर्णित तथ्यों मौका रिपोर्ट तहसीलदार का अवलोकन करते हुए बहस वकील पक्षकारान पर बगौर मनन किया गया। जिससे प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र राज्य सरकार से प्राप्त परिपत्र दिनांक 10.08.2016 के अनुसरण मे व मौका रिपोर्ट तहसीलदार झुंझुनू से कदीमी होकर प्रचलित रास्ता होना जाहिर होता है। प्रार्थीगण केवल प्रचलित रास्ते को 12 फुट चौडा का अनुतोष चाहा गया है। जो वर्तमान संसाधन आवागमन के मध्यनजर स्वीकार किया जाना न्यायोचित है। अतः

## आदेश

उक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थीगण का यह प्रार्थना–पत्र मौका रिपोर्ट के संलग्न नजरी नक्शे अनुसार स्वीकार किया जाता है कि भड़ून्दा कलां में प्रस्तावित रास्ता मौका रिपोर्ट व नजरी नक्शा तहसीलदार झुंझुनू के अनुसार कटान का रास्ता इस शर्त पर रिकार्ड मे दर्ज करने तथा चालु कराने का आदेश दिया जाता है कि आवेदकगण अनावेदकगण को तहसीलदार द्वारा प्रस्तावित डीएलसी दर से अंकित राशि रूपये 35021/–रूपये का भुगतान रास्ते के रूप मे काम आने वाली भूमि के खातेदारो को भुगतान करे। यदि उक्त राशि अनावेदकगण लेने से इन्कार करे तो उस स्थिति मे यह राशि बतौर अमानता तहसील कार्यालय झुंझुनू मे जमा करवाई जावें। रास्ते की भूमि मे अन्य कोई पेड या अवरूद्ध हो तो अनावेदकगण अपने स्वयं के खर्चे पर इन्हें हटा लेवे अन्यथा तहसीलदार झुंझुनू इन्हें अपनी देख–रेख में हटवाकर नियमानुसार निलाम कर राशि का भुगतान खर्चा काटकर अनावेदकगण को करें व उनके द्वारा नही लेने की स्थिति मे बतौर अमानता कार्यालय तहसील झुंझुनू मे जमा करावें। तत्पश्चात रिकार्ड में रास्ता दर्ज कर चालु कराने की कार्यवाही करें। तहसीलदार द्वारा मौका रिपोर्ट मय नजरी नक्शा आदेश का भाग रहेगा। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एंव बाद तकमील दाखिल दफ्तर हों। निर्णय आज दिनांक 31.07.2018 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

31.7.18

(अलका बिश्नोई)
उपखण्ड अधिकारी,झुंझुनू
उपखण्ड अधिकारी
झुन्झुनू (राजस्थान)

Scanned by CamScanner